छोटे किसानों तथा मजदूरों का उत्थान

***16 श्री राम कुमार गौतम (नारनौंद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृप्या बताएंगे कि क्या राज्य में छोटे किसानों तथा मजदूरों के उत्थान/कल्याण करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है?

जय प्रकाश दलाल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, हरियाणा

श्रीमान जी, राज्य के छोटे और सीमांत किसानों के उत्थान के लिए कृषि और बागवानी विभागों द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें से कुछ योजनाएँ इस प्रकार हैं-

1. फसल अवशेष प्रबंधन (सी.आर.एम.)
2. धान की सीधी बिजाई (डी.एस.आर.)
3. भावांतर भरपाई योजना- बाजरा (बी.बी.वाई.)
4. मेरा पानी मेरी विरासत (एम.पी.एम.वी.)
5. प्राकृतिक खेती
6. कपास की खेती को बढ़ावा देना
7. प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पी.एम.एफ.बी.वाई.)
8. एकीकृत बागवानी विकास (आई.एच.डी.) योजना
9. बागवानी क्षेत्र में उन्नत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने की योजना
10. अनुसूचित जाति के लिए योजना (एस.सी.एस.पी.) (बागवानी)
11. भावांतर भरपाई योजना (बी.बी.वाई.) (बागवानी)
12. मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना (एम.बी.बी.वाई.)
13. राष्ट्रीय बागवानी मिशन
14. अनुसूचित जाति के किसानों के लिए राष्ट्रीय बागवानी मिशन

मजदूरों के लिए हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा दो प्रमुख योजनाएं चलाई जा रही हैं:-

1. मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना
2. अटल किसान-मजदूर कैंटीन